**अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न प्रत्र**
**माध्यमिक शिक्षा मण्डल म. प्र. भोपाल**
**हाई स्कूल परीक्षा 2022-23**
**हिन्दी कक्षा 10वीं**

समय – 3 घंटा                                                                 पूर्णांक - 75

निर्देश -

1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं |
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | जिनके लिए 1x30=30 अंक निर्धारित है |
3. प्रश्न क्र. 06 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है |
4. प्रश्न क्र. 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है |
5. प्रश्न क्र. 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है |
6. प्रश्न क्र. 06 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

1. सही विकल्प का चयनकर लिखिए - (1x6=6)

i. रीतिकाल को काव्य की दृष्टि से बाँटा गया है –

(अ) दो भागों में (ब) तीन भागों में (स) चार भागों में (द) सात भागों में

ii. सूर के पदों में 'तेल की गागरी' कहा गया है –

(अ) श्रीकृष्ण को (ब) उद्धव को (स) गोपियों को (द) सूर को

iii. चरणों में निहित मात्राओं के आधार पर दोहा है -

(अ) सममात्रिक छंद (ब) विषममात्रिक छंद (स) अर्द्ध मात्रिक छंद (द) अर्द्धसममात्रिक छंद

iv. 'नेताजी का चश्मा' कहानी का मूलभाव है –

(अ) शिक्षा का विकास (ब) समाज सुधार (स) मूर्ति कला का विकास (द) देशभक्ति की भावना

v. 'वह धीरे –धीरे रोने लगा' वाक्य में क्रियाविशेषण का भेद है –

(अ) कालवाचक क्रियाविशेषण (ब) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(स) रीतिवाचक क्रियाविशेषण (द) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

vi. भोलानाथ और उनके हम उम्र चबूतरे के एक कोने को बना देते थे –

(अ) सिनेमाघर (ब) टिकटघर (स) रसोईघर (द) नाटकघर

2. रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए – (1x6=6)

i. परशुराम अपना गुरु, भगवान -----------को मानते थे | (शिव / श्रीकृष्ण /विष्णु )

ii. आश्रय की बाह्य शारीरिक चेष्टाओं को -------------- कहते हैं । (विभाव/अनुभाव/आलम्बन)

iii. विस्तृत कलेवर वाले काव्य को कहते --------------हैं | (दृश्य काव्य /खण्डकाव्य /महाकाव्य )

iv. 'बालगोबिन भगत' की प्रभातियाँ ----------------तक चलती थी | (कार्तिक मास/फागुन मास/चैत्र मास)

v. ....................वाक्य से किसी क्रिया के करने या होने की सामान्य सूचना मिलती है | (विधानवाचक/निषेधवाचक/इच्छावाचक)

vi. कटाओं में बर्फ से ढके पहाड़ --------------की तरह चमक रहे थे || (चाँदी /सोने / मोती )

3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1x6=6)

| स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|
| i | 'उत्साह' कविता | (क) तार सप्तक |
| ii | मानवीय क्रियाओं का आरोप | (ख) वाचाल |
| iii | रिपोर्ताज की भाषा | (ग) सज्जन व्यक्ति |
| iv | सफेदपोश | (घ) एक आह्वान गीत |
| v | जो कम बोलता हो | (ङ.) मानवीकरण अलंकार |
| vi | अज्ञेय | (च) भद्रव्यक्ति |
| | | (छ) फ्रेंच |
| | | (ज) मितभाषी |

4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1x6=6)

i. फसल कविता हमें किसके करीब ले जाती है ?

ii. विभाव के भेदों के नाम लिखिए ?

iii. शास्त्रों में काशी किस नाम से प्रतिष्ठित है ?

iv. किस समास में प्रथम पद प्रधान एवं अव्यय होता है ?

v. 'अपना हाथ जगन्नाथ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

vi. भोलानाथ के पिता फूल के कटोरे में उसे क्या सानकर खिलाते थे ?

5. सत्य / असत्य कथन लिखिए – (1x6=6)

i. मुख्य गायक की आवाज़ भारी व गंभीर होती है |

ii. दोहा और चौपाई वर्णिक छंद है |

iii. मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है |

iv. दो वर्णों के मेल को संधि कहते है |

v. रंगीन पताकाएँ शांति और अहिंसा का प्रतीक है |

vi. पढ़कर ही लेखक आभ्यंतर विवशता को पहचानता है |

6. रीतिकाल को श्रृंगारकाल क्यों कहा जाता है ? रीतिकालीन किसी एक कवि का नाम लिखिए | (2)

अथवा

नई कविता की कोई –दो विशेषताएँ लिखिए |

7. तुलसीदास **अथवा** नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (2)

i. दो रचनाएँ ii. कला-पक्ष

8. गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है ? (2)

अथवा

'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर राम के स्वभाव की कोई –दो विशेषताएँ लिखिए |

9. फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ? (2)

अथवा

कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है ?

10. खण्डकाव्य की कोई – दो विशेषताएँ लिखिए | (2)

अथवा

स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई-दो अंतर लिखिए |

11. चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए | (2)

अथवा

अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

12. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निबन्ध की परिभाषा लिखते हुए आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित किसी एक निबन्ध रचना का नाम लिखिए | (2)

अथवा

कहानी एवं उपन्यास में कोई –दो अंतर लिखिए |

13. स्वयं प्रकाश **अथवा** मन्नू भंडारी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (2)

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली

14. सेनानी न होते हुए भी चश्में वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ? (2)

अथवा

बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की ? लिखिए |

15. बिस्मिल्लाह खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ? (2)

अथवा

वास्तविक अर्थों में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है ?

16. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – (2)

i. दो भाषाएँ बोलने वाला |

ii. जिसका वर्णन न किया जा सके |

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –

i. खून पसीना एक करना

ii. गागर में सागर भरना

17. बच्चें माता- पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ? लिखिए | (2)

अथवा

गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है |

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - (3)

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी |
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

अथवा

मधुप गुन – गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी ,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी |
इस गंभीर अनंत – नीलिमा में असंख्य जीवन – इतिहास ,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य – मलिन उपहास |

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा | इकलौता बेटा था वह | कुछ सुस्त और बोदा –सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते | उनकी समझ से ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए; क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं |

अथवा

काशी में संगीत आयोजन की एक परम्परा है | यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है | यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन – वादन की उत्कृष्ट सभा होती है | इसमें बिस्मिल्लाह खाँ अवश्य रहते हैं | अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिलाह खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है |

20. 'मीठी बोली का महत्त्व' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए | (3)

अथवा

एक आदर्श विज्ञापन की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए |

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4)

श्रम होता सबसे अमूल्य धन, सब जन खूब कमाते |
सब अशंक रहते अभाव से , सब इच्छित सुख पाते ||
राजा प्रजा नहीं कुछ होता, होते मात्र मनुज ही |
भाग्य-लेख होता न मनुज का, होता कर्मठ भुज ही ||

प्रश्न – i. उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

ii. 'राजा- प्रजा नहीं कुछ होता' से कवि का क्या आशय है ?

iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए |

अथवा

कभी-कभी लक्ष्य बहुत दूर दिखाई देता है | संदेह होने लगता है कि इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे या नहीं | कई बार लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनेक प्रयास करने पर भी असफलता मिलती है | इससे मन में निराशा का भाव जागृत हो जाता है | निराशा से प्रसन्नता और शांति नष्ट हो जाती है | आशा उत्साहित करती है | निराशा का भाव अकेले नहीं आता | उसके साथ हीनता की भावना का जन्म होता है | असुरक्षा का भाव आता है, तनावों का बवंडर आ जाता है | मन उत्साहहीन हो जाता है | मन में निराशा को नहीं आशा को बसना चाहिए | जो लोग जीवन में आशावादी रहते हैं वही विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्ति में सक्षम हो सकते हैं |

प्रश्न – i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

ii. निराशा का भाव क्यों जागृत होता है ?

iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए |

22. अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करने के लिए नगरपालिका अधिकारी को आवेदन - पत्र लिखिए | (4)

अथवा

प्रात: कालीन सैर के लाभ बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए |

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

i. विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्त्व

ii. पर्यावरण प्रदूषण में हमारी व्यक्तिगत भूमिका

iii. स्वच्छ भारत अभियान

iv. आजादी का अमृत महोत्सव

v. जल संरक्षण